A MEDIA SOLUTION INITIATIVE

# Mission Admission




# कोलकाता स्थित दो औद्योगिक घरानों एवं महेंद्रगढ़ जिले के गांव गढ़ी के मूल निवासी द्वारा हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में ज्ञानकोश-ए ग्लोबल स्कूल स्थापित करके उठाया सराहनीय कदम

**आकोदा:**-हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के गांव गढ़ी के मूल निवासी और कोलकाता स्थित दो औद्योगिक घरानों, एक भगवान दासजी अग्रवाल की अध्यक्षता में और दूसरा एमएसपी समूह के अध्यक्ष सुरेश कुमारजी अग्रवाल एवं पूरनमलजी अग्रवाल के नेतृत्व में हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में 2021 में एक स्कूल की स्थापना की आवश्यकता की चर्चा करने के लिए मिले।

सहमति यह थी कि महेंद्रगढ़ जिले को एक ऐसे संस्थान की जरूरत है जहां प्राचीन गुरुकुल मूल्यों, धरोहर और परम्पराएं, अत्याधुनिक शैक्षिक प्रौद्योगिकी के साथ उच्च कोटि की शिक्षा मिले। जहां शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अधिक स्वायत्तता प्रदान करने का प्रयास हो, क्षेत्र के बच्चों को संस्कारित शिक्षा मिले।

इस प्रकार सभी मुद्दों पर विचार करते हुए एमएसपी के अध्यक्ष सुरेश कुमारजी अग्रवाल ने कन्हैयालाल महादेवी सिंघल फाउंडेशल के दिमाग की उपज के रूप में महेंद्रगढ़ जिले के गांव खरकड़ा (आकोदा) स्थित प्रकृति की गोद में ज्ञानकोश-ए ग्लोबल स्कूल का जन्म हुआ। इस संस्था का निर्माण महेंद्रगढ़ जिले के आस-पास के गांवों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया। जो भारत की समृद्ध विरासत को ध्यान में रखते हुए, शरीर, दिमाग और आत्मा के साथ-साथ विकास के लिए प्रयास करेगा और दयालु, जिम्मेदार और अभिनव वैश्विक नागरिक बनाने का प्रयास करेगा। 26 मार्च 2022 को उद्घाटित ज्ञानकोश-ए ग्लोबल स्कूल अत्याधुनिक भवन व हरे-भरे उपवन के साथ आज बच्चों को संस्कारित व उच्चकोटि की शिक्षा पर बल देते हुए अपने पथ पर अग्रसर है। तथा आने वाले समय में इस संस्था से उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण कर अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर विद्यार्थी अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करने के लिए कृतसंकल्पित है। ज्ञानकोश का उद्देश्य स्कूल की शिक्षा में उत्कृष्टता का केन्द्र बनाना है।

उन्होंने ज्ञानकोष के सीईओ राकेश कुमारजी को जिम्मेदारी दी हैं कि आने वाले सात सालों में इस संस्था के अन्तर्गत पीजी कोर्स भी उपलब्ध करवाये जाए। हमारे स्कूल का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के लिए बुनियादी कौशल प्रदान करना होगा ताकि वे सीखने का आनंद लें और जिज्ञासु मन रखें। उन्हें प्रेरित किया जाएगा और उन्हें आत्मविश्वास और स्वतंत्र बनाया जाएगा। हमारा प्रयास होगा कि शिक्षा के शीर्ष नौ उद्देश्यों ज्ञान, व्यावसायिक, चरित्र, सांस्कृतिक, सर्वांगीण विकास, पूर्ण जीवन, आध्यात्मिक, नागरिकता, लोकतांत्रिक को हमेशा ध्यान में रखा जाए। हमारी शिक्षा प्रणाली बच्चों को समाज के योग्य-सदस्यों के रूप में अच्छी तरह से समायोजित पूर्ण व्यक्तियों में ढालने का प्रयास करती है। शिक्षण का उद्देश्य किसी व्यक्ति में अधिक से अधिक डालने के बजाय उसे अधिक से अधिक बाहर लाना है। हर विषय में बच्चे को खोज और रचनात्मक गतिविधि का आनंद महसूस करना चाहिए।


# इंडस वैली स्कूल में मनाया गया 'विश्व पृथ्वी दिवस' उत्सव

इंडस वैली पब्लिक स्कूल, दौंगड़ा अहीर के प्रांगण में 'विश्व पृथ्वी दिवस' को एक उत्सव के रुप में मनाया गया। प्रार्थना सभा के उपरांत सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल में प्राथमिक स्तर का व माध्यमिक स्तर का अलग-अलग कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने पेड़-पौधे, वनस्पति बचाने, प्रदूषण रोकने व जल संरक्षण करने संबंधित विचार रखे। कुछ बच्चों ने कविताओं के माध्यम से तो कुछ ने अपने भाषण के माध्यम से प्रेरित किया। कुछ बच्चों ने प्रकृति की रक्षा हेतु सुंदर-सुंदर परिधान पहन सबका मन मोह लिया। कोई धरती माँ तो कोई प्रकृति देवी तो कोई जल देवता के रुप में प्रकट हुए।

इस विषय पर श्रीमती सुषमा यादव ने गीत के माध्यम से व आचार्य उजागर ने अपने व्याख्यान के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जयवीर यादव, उप प्राचार्य वीर सिंह यादव ने भी 'धरती बचाओ- जीवन बचाओ' उपदेश के माध्यम से सभी बच्चों को किसी भी बहाने एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया और अपने आस-पड़ोस में साफ-सफाई रखने का संकल्प दिलाया। इस उपलक्ष्य पर संस्था के चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव, वाइस चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, प्राथमिक हैड नरेन्द्र कुमार, विक्रांत सिंह, मोनिका यादव, स्नेहलता ने सभी बच्चों को शुभकामनाएँ देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# आओ पर्यावरण में करें निवेश : जयसिंह फौगाट



**सतनाली:** खंड के गाँव डालनवास स्थित नालंदा विद्या निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों से दो-दो टीमों ने भाग लिया । संपूर्ण प्रतियोगिता में 'भूगोल' से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए जिनका बच्चों ने बड़े सटीक व सार्थक उत्तर दिए। प्रतियोगिता का मंच संचालन अजय भूगोल प्रवक्ता व नरेश चंदेनी ने बारी-बारी से किया। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए श्रोताओं के लिए भी राउंड रखे गए। इससे पूर्व विद्यालय के प्राध्यापक अनिल शर्मा ने पृथ्वी दिवस पर बहुत ही भावपूर्ण व ज्ञानवद्र्धक बातें बताई व उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि पर्यावरण को बचाना हम सबका मौलिक दायित्व है क्योंकि इसके बिना जीवन संभव नहीं है। इस प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य जयसिंह फौगाट ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के विश्व पृथ्वी दिवस के भीम के अनुसार हमें अपने ग्रह पृथ्वी एवं पर्यावरण में निवेश करना होगा। इसका अर्थ यह है कि हमें पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों बचाना और बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि जल है तो कल है, पानी खत्म तो कहानी खत्म और पेड़ खत्म तो जीवन खत्म । एकल प्रयोग प्लास्टिक के प्रयोग से बचने का आह्वान भी किया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रतियोगिता - परिणाम की घोषणा अर्थशास्त्र प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह ने की। परिणाम इस प्रकार रहे दयानंद सदन की टीम प्रथम, सुभाष सदन की टीम द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर दो टीमें रही जो भगत सिंह व विवेकानंद सदन से थीं। इसी अवसर पर विद्यालय प्राचार्य फौगाट ने विजेता टीमों स्मृति चिह्न भेंट कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अजीत शेखावत, अशोक वर्मा, विक्रम सिंह, महेंद्र शेखावत, विनोद वर्मा, अंकिता नौरंगाबास, अंकित लोहारू, स्नेहलता, बलवान अंग्रेजी, संदीप मैथ्स, रविन हंसावास, आशीष नेहरा, पूनम मैथ्स, रमेश बडराई आदि थे।

# गोल्ड मैडल प्राप्त विधार्थीयों को सम्मानित किया गया



राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपूर में साईस ओल्मिपियाड परीक्षा में बेहतरीन प्रर्दशन का कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया विधार्थीयों को विधालय प्रागंण में सम्मानित किया गया। विधालय सचिव कुबेर सिहं ने विधार्थी को शुभकामनाए देते हुए बताया कि कक्षा दूसरी से दिव्या, महक, दीक्षा, पीयूश, दिव्याशं, कशिश, दिशा, गौरव कक्षा तीसरी से जतिन, हैप्पी, अन्शीका, केया, कृष्णन्व, वन्शिका, मयंक, कक्षा चैथी से अदिती, विरेन, अनुशका, आयशा कक्षा पाचवी से रियान्श, विरेन, आशीश, कक्षा छठीं से नक्स, अन्नु, विवके, कक्षा सातवी से निशा, खुशी, हिमान्शु, कक्षा आठवीं से कुनाल, निशान्त, आरती तथा नौवी से रितिका, राहुल व जिज्ञासा ने क्षेत्र व स्कूल का गौवगित किया है। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि प्रतिभा छुपी नही रह सकती उसे सिर्फ देखने व परखने की जरूरत होती है। इस तरह की प्रतियोगिताओं की तैयारी हम समय समय पर करवाते रहते है इस मौके पर विधालय स्टाफ अनुराधा, मीना, भावना, मुन्नी, अनिता देवी, सचिन, ज्योति, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।



